# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–19 फरवरी 2026** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस–एआई के लोकतंत्रीकरण पर बल देते हुए कहा है कि इसे विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के लिए समावेशन और सशक्तिकरण का साधन बनना चाहिए। आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' दो हजार छब्बीस का उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने यह बात कही।

**एआई के लिए इंसान सिर्फ डाटा पॉइंट न बन जाए, इंसान सिर्फ रॉ मटीरियल तक सीमित न रह जाए, इसलिए एआई को डेमोक्रेटाइज करना होगा। इसे इंक्लूजन और एम्पावरमेंट का माध्यम बनाना होगा और विशेष रूप से ग्लोबल साउथ में।**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि भारत न केवल नई तकनीकों का विकास कर रहा है बल्कि उन्हें तेजी से अपना भी रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा तकनीकी केन्द्र है। उन्होंने कहा कि यह भारत और ग्लोबल साउथ के लिए गर्व का विषय है कि नई दिल्ली में 'एआई इम्पैक्ट समिट' का आयोजन किया जा रहा है।

**इस समिट का भारत में होना, भारत के साथ ही पूरे ग्लोबल साउथ के लिए गर्व का विषय है। दुनिया के कोनेदृकोने से यहां आए महानुभाव, इसकी सफलता को नई ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। इसमें यंग जनरेशन की जो उपस्थिति हमने देखी है, वो एक नया विश्वास पैदा करती है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से मानव इतिहास में क्रांतिकारी अध्याय जुड़ रहा है। श्री मोदी ने एआई के लिए मानव विजन की रूपरेखा प्रस्तुत की।

**मैं, मानव विजन प्रस्तुत करता हूँ। एम– मॉरल सिस्टम, एआई एथिकल गाइलाइन्स, पर आधारित हो। ए– अकान्टेबल गवर्नेन्स, टीदृ ट्रांसपेरेंट रूल्स, ए– नेशनल सॉवरेनिटी, जिसका डेटा, उसका अधिकार, ए– एक्सेसिबल एंड इनक्लूसिव, एआई– मोनोपॉली नहीं, मल्टीप्लायर बने। वी– वैलिड, एआई लॉफुल हो।**

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि मुफ्त योजनाओं की संस्कृति से देश के आर्थिक विकास में बाधा आ रही है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉय माल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम पंचौली की पीठ ने कहा कि देश के अधिकांश राज्य राजस्व घाटे में हैं, फिर भी विकास की अनदेखी करते हुए वे इस तरह का व्यवहार कर रहे हैं। न्यायालय ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह बात कही। याचिका में उपभोक्ताओं की आर्थिक स्थिति पर ध्यान दिए बिना सभी को मुफ्त बिजली देने का प्रस्ताव किया गया था। पीठ ने कहा कि राज्यों को मुफ्त भोजन, साइकिल और बिजली देने के बजाय रोजगार सृजन पर काम करना चाहिए।

**********

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण और दिव्यांग सशक्तिकरण राज्य मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा है कि सरकार पिछड़ा वर्ग कल्याण से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। वर्तमान सरकार पिछड़ा वर्ग क हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता के साथ योजनाओं को पुर्नजीवित करने का काम कर रही है। श्री कश्यप ने विधानसभा में प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि सरकार ने रिकॉर्ड स्तर पर लगभग अड़तीस लाख विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देकर उन्हें शिक्षा से जोड़ने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा, रोजगार और आर्थिक उन्नयन के नए अवसर प्रदान करा रही है।

**********

देश के कई हिस्सों में कल शाम चांद दिखाई देने के साथ ही आज से रमजान का पवित्र महीना शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि यह महीना समाज में एकता की भावना को और मजबूत करेगा। पर्व को देखते हुए प्रदेश भर में व्यापक तैयारियां की गई हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**इस्लाम धर्म के पवित्र माह रमजान का आज पहला दिन है। कल शाम को चंद्र दर्शन होने के बाद ही लोगों ने एक दूसरे को रमजान की बधाइयां देनी शुरू कर दी। तरावीह की विशेष नमाज भी कल रात से ही शुरू हो गई जो कि पूरे महीने जारी रहेगी। मस्जिदों में रोजा अफ्तार के विशेष प्रबंध किए गए हैं। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी प्रदेशवासियों को रमजान माह की बधाई दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही सभी जनपद के अधिकारियों को रमजान से संबंधित दिशा निर्देश वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दे चुके हैं।**

**संवेदनशील स्थानों पर पुलिस को तैनात किया गया है। मुस्लिम धर्मगुरूओं ने जनता से आपसी भाईचारे और एकता के साथ रमजान मनाने की अपील की है। मुमताज अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।**

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकतम तापमान में अचानक से तीन से छह डिग्री सेल्सियस के बढ़ोत्तरी की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक इस सप्ताह मौसम शुष्क बना रहेगा।

**********